Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 30

No. of Printed Pages – 7

SS–01–Hindi (C) (D & D)

# उच्च माध्यमिक (मूक – बधिर) (CWSN) परीक्षा, 2025

## हिन्दी (अनिवार्य)

**समय** : 4 **घण्टे** 15 **मिनट**

**पूर्णांक** : 80

यहाँ से काटिए

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न – पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर – पुस्तिका में निर्धारित शब्द – सीमा में लिखें।

4) जिस प्रश्न के अ, ब, स, द, य भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें।

यहाँ से काटिए

## 'खण्ड – अ'

**1)** दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर लिखिए : – **[10 × 1 = 10]**

i) 'आलोक धन्वा' की पहली कविता कौनसी है? **[1]**

(अ) भागी हुई लड़कियाँ (ब) जनता का आदमी

(स) ब्रूनों की बेटियाँ (द) दुनिया रोज बनती है

ii) 'हरिवंश राय बच्चन' की आत्मकथा निम्नलिखित में से कौनसी है? **[1]**

(अ) क्या भूलूँ क्या याद करूँ (ब) हैमलेट

(स) मैकवैथ (द) मधुशाला

iii) 'रामचरित मानस' कौनसी भाषा में लिखा गया ग्रंथ है? **[1]**

(अ) अवधी (ब) डिंगल

(स) पिंगल (द) संस्कृत

iv) 'कविता के बहाने' किस काव्य संग्रह से ली गई कविता है? **[1]**

(अ) इन दिनों (ब) चक्रव्यूह

(स) कोई दूसरा नहीं (द) हम तुम

v) 'महादेवी वर्मा' को ज्ञानपीठ पुरस्कार किस रचना के लिए मिला? **[1]**

(अ) नीरजा (ब) यामा

(स) नीहार (द) रश्मि

vi) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' ने निम्नलिखित में से कौनसी पत्रिका का संपादन किया? **[1]**

(अ) जागरण (ब) हंस

(स) मतवाला (द) माधुरी

vii) जैनेंद्र कुमार की रचना 'पाजेब' किस विधा में लिखी गई है? **[1]**

(अ) कहानी (ब) निबंध

(स) उपन्यास (द) काव्यरचना

viii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ के लेखक हैं – [1]

(अ) कृष्णा सोबती (ब) धर्मवीर भारती

(स) रामचरण शर्मा (द) इनमें से कोई नहीं

ix) निम्नलिखित में से कौनसी आम्बेडकर की रचना है? [1]

(अ) नाखून क्यों बढ़ते हैं? (ब) गोदान

(स) झांसी की रानी (द) मूक नायक

x) लुट्टन पहलवान का पालन–पोषण किसके द्वारा किया गया? [1]

(अ) माँ द्वारा (ब) दादी द्वारा

(स) चाची द्वारा (द) सास द्वारा

**निर्देश : – दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द / एक पंक्ति में लिखिए – प्रश्न सं. 2 से 11 : – [10 × 1 = 10]**

**2)** कवि ने 'दुनिया की सबसे हलकी और रंगीन चीज़ उड़ सके' यह काव्य–पंक्ति किस चीज़ के लिए कही है? [1]

**3)** रस का अक्षय–पात्र किसे कहा गया है? [1]

**4)** लेखक ने शिरीष को किसकी संज्ञा दी है? [1]

**5)** भगतजी क्या बेचते थे? [1]

**6)** यशोधर बाबू की शादी की कौनसी सालगिरह मनाई गई? [1]

**7)** 'जूझ' पाठ के लेखक की पढ़ाई की समस्या का हल किसने निकाला? [1]

**8)** 'मुअनजो–दड़ो' शहर की जनसंख्या कितनी थी? [1]

**9)** 'सिल्वर वेडिंग' पाठ के लेखक कौन है? [1]

**10)** 'जूझ' पाठ के लेखक को सर्वाधिक किस अध्यापक ने प्रभावित किया? [1]

**11)** 'मुअनजो–दड़ो' शहर वर्तमान में कहाँ स्थित है? [1]

## 'खण्ड – ब'

निर्देश : – दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : – [4 × 2 = 8]

आधुनिक युग विज्ञान–युग के नाम से जाना जाता है । आज विज्ञान की विजय–पताका धरती से लेकर आकाश तक फहरा रही है । सर्वत्र विज्ञान की महिमा का प्रचार–प्रसार है । मनुष्य ने विज्ञान के द्वारा प्रकृति को जीत लिया है । आज मनुष्य ने विज्ञान के द्वारा विद्युत, वाष्प, गैस, ईश्वर को खोजकर दिग्दिगन्तरों में अपनी विजय–पताका फहराकर सारे संसार में क्रान्तिकारी परिवर्तन ला दिया है । किन्तु विज्ञान के कारण आधुनिक युग की युयुत्सा ने भी प्रबल रूप धारण कर लिया है । विज्ञान–वेत्ताओं ने जहाँ मनुष्य को अनेक भौतिक सुविधाएँ प्रदान की है वहीं दूसरी ओर उसके लिए विध्वंस के पर्याप्त साधन भी एकत्रित कर दिये हैं ।

12) आधुनिक युग किसके नाम से जाना जाता है? [2]

13) विज्ञान से मनुष्य को भय क्यों लगने लगा है? [2]

14) 'आधुनिक' शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय बताइये । [1 + 1 = 2]

15) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए । [2]

निर्देश : – दिए गए अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : – [4 × 2 = 8]

मन की बँधी उमंगें असहाय जल रही हैं,
अरमान – आरज़ू की लाशें निकल रही हैं ।
भीगी–खुली पलों में रातें गुज़ारते हैं,
सोती वसुन्धरा जब तुमको पुकारते हैं ।
इनके लिए कहीं से निर्भीक तेज ला दे,
पिछले हुए अनल का इनको अमृत पिला दे
अमर्ष को जगाने वाली शिखा नयी दे,
अनुभूतियाँ हृदय में दाता, अनलमयी दे ।

16) कौनसी उमंगें असहाय जल रही है? [2]

17) लाशें किसकी निकल रही हैं? [2]

18) श्रमिक लोग रातें कैसे गुजारते हैं? [2]

19) 'वसुन्धरा' शब्द से क्या तात्पर्य है? [2]

## 'खण्ड – स'

**20)** पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– **[4 × 1 = 4]**

'शेर के बच्चे' का असल नाम था चाँद सिंह । वह अपने गुरू पहलवान बादलसिंह के साथ, पंजाब से पहले–पहल श्यामनगर मेले में आया था । सुंदर जवान, अंग–प्रत्यंग से सुंदरता टपक पड़ती थी । तीन दिनों में ही पंजाबी और पठान पहलवानों के गिरोह के अपनी जोड़ी और उम्र के सभी पट्ठों को पछाड़कर उसने 'शेर के बच्चे' की टायटिल प्राप्त कर ली थी । इसलिए वह दंगल के मैदान में लँगोट लगाकर एक अजीब किलकारी भरकर छोटी दुलकी लगाया करता था । देशी नौजवान पहलवान, उससे लड़ने की कल्पना से भी घबराते थे । अपनी टायटिल को सत्य प्रमाणित करने के लिए ही चाँद सिंह बीच–बीच में दहाड़ता फिरता था ।

अ) 'शेर के बच्चे' नाम से प्रसिद्ध पहलवान का नाम क्या था? **[1]**

ब) चाँद सिंह के गुरू का क्या नाम था? **[1]**

स) गद्यांश में आए 'देशी पहलवान' से क्या अभिप्राय है? **[1]**

द) 'शेर के बच्चे' की उपाधि उसे कैसे प्राप्त हुई? **[1]**

**21)** नीचे दिए गए पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– **[4 × 1 = 4]**

नभ में पाँती–बँधे बगुलों के पंख,
चुराए लिए जाती वे मेरी आँखें ।
कजरारे बादलों की छाई नभ छाया,
तैरती साँझ की सतेज श्वेत काया ।
हौले हौले जाती मुझे बाँध निज माया से ।
उसे कोई तनिक रोक रक्खो ।
वह तो चुराए लिए जाती मेरी आँखें
नभ में पाँती–बँधी बगुलों की पाँखें ।

अ) काव्यांश में बगुलों के पंखों द्वारा आँखें चुराने से क्या आशय है? **[1]**

ब) साँझ की सतेज श्वेत काया क्या कर रही है? **[1]**

स) कवि के अनुसार आकाश में कैसे बादलों की छाया छाई हुई है? **[1]**

द) कवि को बगुलों का कौन–सा सौंदर्य अपने आकर्षण में बाँध रहा है? **[1]**

## ‘खण्ड – द’

22) दिए गए पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी में अर्थ लिखिए :– [4 × ½ = 2]

अ) PERMIT ब) OBJECTION

स) ELIGIBLE द) POLLUTION

23) दिए गए कवि/लेखक में से किसी एक का परिचय लिखिए : – [3]

अ) रघुवीर सहाय

ब) गोस्वामी तुलसीदास

स) महादेवी वर्मा

द) फणीश्वरनाथ रेणु

24) अपने प्रधानाचार्य को शुल्क मुक्ति हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए । [5]

अथवा

राष्ट्रीय हॉकी टीम में अपने मित्र का चयन होने पर, अपने मित्र को एक बधाई–पत्र लिखिए ।

25) दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए : – [5]

अ) प्लास्टिक थैली–पर्यावरण की दुश्मन

ब) आतंकवाद: एक समस्या

स) यातायात सुरक्षा

द) हमारे त्यौहार

26) दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर प्रतिवेदन लिखिए : – [4]

अ) गणतन्त्र दिवस

ब) योग दिवस

स) वार्षिकोत्सव

## 'खण्ड – य'

27) ''कैमरे में बंद अपाहिज' करूणा के मुखौटे में छिपी क्रूरता की कविता है'' । कैसे? स्पष्ट करिए । [4]

अथवा

'''उषा' कविता में गाँव की सुबह का गतिशील शब्द–चित्र है'' । स्पष्ट करिए ।

28) ''भक्तिन व लेखिका का संबंध सेविका व मालिक का ना होकर आत्मिक था'' । कैसे? स्पष्ट करिए । [4]

अथवा

भीमराव आंबेडकर ने आदर्श समाज के कितने तत्त्व बताए हैं? स्पष्ट कीजिए ।

29) ''सिंधु सभ्यता में खेती का उन्नत रूप देखने को मिलता है'' । कैसे? स्पष्ट करिए । [4]

अथवा

आपके खयाल से पढ़ाई–लिखाई के संबंध में लेखक और दत्ताजीराव का विचार सही था या लेखक के पिता का? 'जुझ' अध्याय के आधार पर तर्क सहित उत्तर लिखिए ।

30) 'बात सीधी थी पर' कविता के आधार पर लिखिए कि भाषा के चक्कर में कभी–कभी सीधी बात भी टेढ़ी कैसे हो जाती है? स्पष्ट कीजिए । [5]

अथवा

''सर्वग्रासी काल की मार से बचते हुए वही दीर्घजीवी हो सकता है, जिसने अपने व्यवहार में जड़ता छोड़कर नित बदल रही स्थितियों में निरंतर अपनी गतिशीलता बनाए रखी है'' । 'शिरीष के फूल' अध्याय के आधार पर उपर्युक्त कथन का आशय स्पष्ट कीजिए ।

▽▽▽▽

DO NOT WRITE ANYTHING HERE